अन्ना के डाक्टर चैक करेंगे लोगों की सेहत

अम्बाला हेल्थ केयर एंड वेलफेयर सोसायटी लगाएगी कैंप

भास्कर न्यूज़. अम्बाला सिटी

दिल्ली के रामलीला मैदान में अनशन समाप्त करने के बाद अन्ना हजारे का गुड़गांव के वेदांता अस्पताल में जिस डाक्टर की देखरेख में इलाज हुआ था। अब वही डाक्टर नरेश त्रेहन अपनी टीम के साथ पंचायत भवन में लोगों के हृदय व स्वास्थ्य का चेकअप करेंगे। इस शिविर का आयोजन अम्बाला हेल्थ केयर एंड वेलफेयर सोसायटी 25 व 26 दिसंबर को लगा रही है। इस शिविर का उद्घाटन 25 दिसंबर को सुबह 10 बजे विधायक विनोद शर्मा करेंगे।

सोसायटी के वरिष्ठ पदाधिकारी एसडी गौतम ने बताया कि यह शिविर 25 और 26 दिसंबर को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा। शिविर में हृदय की पूर्ण जांच के साथ-साथ ईसीजी, इको, ब्लड शुगर, फेफड़ों की क्षमता सहित खून से संबंधित सभी टेस्ट मुफ्त किए जाएंगे और आवश्यक दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। डा. नरेश त्रेहन के नेतृत्व में इस शिविर में शामिल होने वाले चिकित्सकों की टीम 2 दिन अम्बाला में ही उपलब्ध रहेगी और डा. त्रेहन स्वयं मरीजों की जांच करेंगे। उन्होंने बताया कि पूरे अम्बाला लोकसभा क्षेत्र में अगले साल से कैंप लगाए जाने की योजना है।

इस तरह से कराएं पंजीकरण: हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं सोसायटी की मुख्य संरक्षक शक्ति रानी शर्मा ने बताया कि इस शिविर के लिए इच्छुक व्यक्ति 22, 23 और 24 दिसंबर को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक पंचायत भवन में अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त सोसायटी के सदस्य मुकेश जोशी के मोबाइल नंबर 94163-27170 व चितरंजन अग्रवाल के मोबाइल नंबर 98120-52120 पर पंजीकरण करवाया जा सकता है। इस शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ हृदय और दिमाग के सभी टेस्ट निशुल्क किए जाएंगे।

22 को कैंट में कैंप

गौतम ने यह भी बताया कि 22 जनवरी को कैंट में भी अम्बाला हेल्थ केयर एंड वेलफेयर सोसायटी विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रही है। इस शिविर में आंखों, दांत से संबंधित बीमारियों की जांच और इलाज के साथ-साथ सामान्य बीमारियों से संबंधित जांच और इलाज की सुविधा निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। आवश्यकता अनुसार मरीजों के लिए दवाइयां भी सोसायटी की ओर निशुल्क उपलब्ध करवाने की व्यवस्था रहेगी। शक्ति रानी शर्मा ने जिला वासियों से 25 और 26 दिसंबर को पंचायत भवन में लगाए जा रहे विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ हासिल करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि हृदय और दिमाग की बीमारियों की समय पर जांच होने से इन बीमारियों का इलाज प्राथमिक स्तर पर ही संभव है और व्यक्ति इन बीमारियों पर खर्च होने वाले भारी-भरकम धन से बच सकता है।